दिन– बुधवार                                                                दिनांक– 19 / 03 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से।                                                      अवधिः– 05 मिनट

---

अंतरिक्ष में नौ महीने बिताने के बाद सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर आज सुबह सुरक्षित पृथ्वी पर वापस लौटें। दोनों अंतरिक्ष यात्री स्पेसएक्स के क्रू–नाइन कैप्सूल में सवार होकर फ्लोरिडा के समुद्र तट से दूर सुरक्षित उतर आए। दोनों अंतरिक्ष यात्री पृथ्वी के गुरूत्वाकर्षण के अनुकूल होने के लिए पैंतालीस दिनों के पुनर्रवास कार्यक्रम में शामिल हो गए है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने क्रू 9 मिशन की पृथ्वी पर सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने के लिए अथक परिश्रम करने वालों को बधाई दी है। प्रधानमंत्री ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि सुनीता विलियम्स और क्रू 9 अंतरिक्ष यात्रियों ने एक बार फिर दुनिया को दिखाया है कि दृढ़ता का सही मतलब क्या है। उन्होंने कहा कि यह धैर्य, साहस और असीम मानवीय भावना की परीक्षा थी। श्री मोदी ने कहा कि अज्ञात परिस्थितियों में उनका अटूट दृढ़ संकल्प लाखों लोगों को हमेशा प्रेरित करेगा।

———————————————————————

केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने कहा है कि सरकार ने आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई है। उन्होंने कहा कि इसके परिणाम स्वरूप देश में आतंकी घटनाओं में उल्लेखनीय कमी आई है। श्री राय ने राज्यसभा में आज एक प्रश्न का उत्तर देते हुए कहा कि सरकार ने राष्ट्रीय जांच एजेंसी– एनआईए को और अधिक सशक्त बनाया है, ताकि वह देश के बाहर भी आतंकी घटनाओं और गतिविधियों की जांच कर सके। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार देश से आतंकवाद को खत्म करने के लिए कड़े कदम उठा रही है।

———————————————————————

प्रवर्तन निदेशालय– ईडी ने राजद अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद से जमीन के बदले नौकरी घोटाला से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आज पूछताछ की

इससे पूर्व। श्री प्रसाद आज सुबह अपनी बेटी और लोकसभा सदस्य मीसा भारती के साथ जांच अधिकारियों के समक्ष पेश होने के लिए पटना स्थित ईडी क्षेत्रीय कार्यालय पहुंचे। एजेंसी ने कल पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी और उनके बड़े बेटे तेज प्रताप यादव से इसी मामले में घंटों पूछताछ की थी।

———————————————————————————

पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन ने कहा है कि कोईलवर पुल पर ट्रैफिक जाम की समस्या से निपटने के लिए कई कदम उठाए गए हैं। श्री नवीन ने आज विधान सभा में एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि एन.एच.ए.आई सहित पटना और भोजपुर जिला प्रशासन की ओर से इस दिशा में कदम उठाए गए हैं। श्री नवीन ने कहा कि राज्य में किसी भी पुल पर भारी वाहन खड़े करने पर रोक लगा दी गई है।

———————————————————————————

पटना समेत राज्य के अधिकतर भागों में मौसम के रूख में उतार–चढ़ाव देखा जा रहा है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के अधिकांश भागों के अधिकतम तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस की कमी दर्ज की गई है। हालांकि दिन में तीखी धूप के कारण गर्मी का एहसास बढ़ा है। विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले दो दिनो के दौरान भभुआ, रोहतास, औरंगाबद, जमुई, बांका, नवादा, भागलपुर, लखीसराय समेत राज्य के उत्तर–पूर्व, दक्षिण–पश्चिम और दक्षिण–पूर्व भागों में अनेक स्थानों पर तेज हवा के साथ बारिश की संभावना है। इस दौरान कई स्थानों पर वज्रपात की भी आशंका है।

———————————————————————————

सेपक टाकरा विश्व कप दो हजार पच्चीस का आयोजन कल से पटना के पाटलिपुत्र स्पोर्टस् कॉम्प्लेक्स में किया जायेगा। जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री नीतीश कुमार कल अपराह्न साढ़े तीन बजे बिहार में पहली बार आयोजित हो रहे विश्व कप का उद्घाटन करेंगे। टूर्नामेंट में भारत, जापान, ब्राजील, फ्रांस, इटली, मलेशिया, ईरान

समेत बीस देश भाग ले रहे हैं। इससे पहले कल खेल मंत्री सुरेन्द्र मेहता ने भारतीय सेपक टाकरा टीम की जर्सी का अनावरण किया। जर्सी पर बिहार भी लिखा है।

———————————————————————

मिथिला क्षेत्र की डीआईडी डॉक्टर स्पप्ना गौतम मेश्राम ने आज समस्तीपुर जिले में पुलिस अधीक्षक कार्यालय समेत विभिन्न कोषांगों का निरीक्षण किया। उन्होंने पुलिस को अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

———————————————————————

गोपालगंज जिले में शराब तस्करी के मामलों में जब्त की गई गाड़ियों की पच्चीस और छब्बीस मार्च को नीलामी की जायेगी। कुल एक सौ छप्पन वाहनों की नीलामी प्रक्रिया में शामिला होने के लिए इक्कीस मार्च तक आवेदन किया जा सकता है।

———————————————————————

रोहतास की जिलाधिकारी उदिता सिंह ने दत्तक ग्रहण की कानूनी प्रक्रिया का पालन करते हुए एक बालिका को सिंगापुर की एक दंपत्ती को गोद दिया। दत्तक ग्रहण का कार्य जिलाधिकारी के कार्यालय कक्ष में पूरा किया गया।

———————————————————————

गया स्थित दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यलाय–सीयूएसबी के चौथे दीक्षांत समारोह के दौरान उनसठ छात्राओं समेत अस्सी विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल से सम्मानित किया जायेगा।

———————————————————————

समाप्त